प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भाुक्रवार** **दिनांक 27.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पहली बार आत्मसमर्पित माओवादियों ने सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बिलासपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खातों में दस हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे।

3— मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया।

**और**

4— प्रदेश के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और बलरामपुर—रामानुजगंज जिलों में आज से नई गाइडलाइन दरें लागू कर दी गई हैं।

..........

**<u>पूर्व माओवादी—विधानसभा कार्यवाही</u>**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज पहली बार आत्मसमर्पित माओवादियों ने सदन की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। एक सौ बीस आत्मसमर्पित माओवादी, जिनमें चौव्वन महिला भी शामिल थीं, आज विधानसभा परिसर पहुंचे और दर्शक दीर्घा में बैठकर कार्यवाही को देखा। इनमें माओवादियों की केंद्रीय समिति के छह पूर्व सदस्य – रूपेश, बसवा, चैतू, ललिता और राजू भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा परिसर में इन आत्मसमर्पित नक्सलियों से मुलाकात के दौरान कहा कि हिंसा का मार्ग छोड़कर आज इन लोगों का संविधान के मंदिर में खड़े होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का साक्षी बनना इस बात का प्रमाण है कि बदलाव संभव है।

इस मौके पर राज्य के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गन–तंत्र का रास्ता छोड़कर गणतंत्र की मुख्यधारा में लौटे इन युवाओं का राज्य सरकार हृदय से स्वागत करती है।

विधानसभा परिसर में आज पहली बार पहुंचे इन पूर्व माओवादियों ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

ये आत्मसमर्पित माओवादी तीन दिन के शैक्षणिक भ्रमण पर रायपुर पहुंचे हैं। इन लोगों ने रायपुर में स्थित जनजातीय संग्रहालय का भी अवलोकन किया।

**विस सत्र–01**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन आज कांग्रेस विधायकों ने बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

कांग्रेस विधायक संगीता सिंह ने प्रश्नकाल में बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि अब तक कौन–कौन से कार्य वित्त विभाग के पास लंबित है और क्यों ? इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि कोई भी कार्य वित्त विभाग में लंबित नहीं है।

इस पर संगीता सिंह ने सिंचाई और लोक निर्माण विभाग के कार्यों के वित्तीय विभाग में लंबित होने की बात कही। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि कोई कार्य लंबित न रहें। इसके लिए नवीन मद की राशि भी बढ़ा दी गई है।

इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्तमंत्री से बालोद में लोक निर्माण विभाग के लंबित कार्यों के बारे में जानकारी मांगी और उन्हें वित्तीय स्वीकृति देने को कहा। अपने जवाब में वित्तमंत्री ने सभी कार्यों के नियमानुसार होने की बात कही। वित्त मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

**विस सत्र–02**

वहीं, सदन में प्रश्नकाल के दौरान विधायक कुंवर सिंह निषाद ने राज्य में घुमंतू पशुओं के रख–रखाव और संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का मुद्दा उठाया। जवाब में आदिम जाति मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आदर्श गोधाम और गोकुल धाम गौ अभ्यारण योजनाएं चलाई जा रही हैं।

सदन में आज विभिन्न विभागों के बजट अनुमानों पर चर्चा जारी रही। इस चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट से राज्य के आम लोगों की जरूरतें और अपेक्षाएं पूरी नहीं होंगी।

चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद बजट में अनेक नई योजनाओं का प्रावधान किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक छत्तीसगढ़, देश का विकसित राज्य बन जाएगा।

**किसान राशि–भुगतान**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल अट्ठाईस फरवरी को बिलासपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों के खातों में दस हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। कृषक उन्नति योजना के तहत

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले, पच्चीस लाख चौबीस हजार किसानों को इकतीस सौ रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान के अंतर की इस राशि का भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शाासन द्वारा प्रदेश के सभी विकासखंडों में कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किए गए है।

## सिटी गैस परियोजना–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएनजी युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम की पहली पाइपलाइन गैस उपभोक्ता पूनम चौबे से संवाद कर घरेलू उपयोग में पाइपलाइन गैस की सुविधा के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिटी गैस अवसंरचना परियोजना छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब मेट्रो शहरों की तर्ज पर डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस के माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन से गैस उपलब्ध होगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को रिफिलिंग के झंझट से मुक्ति

मिलेगी। उन्होंने कहा कि सस्ती और सुलभ ऊर्जा मिलने से उद्योग क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

गौरतलब है कि सिटी गैस अवसंरचना परियोजना रायपुर, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों में प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से घरेलू उपयोग तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए पाइपलाइन द्वारा पीएनजी की आपूर्ति की जाएगी तथा वाहनों के लिए सीएनजी भी उपलब्ध होगा।

**<u>गाईड लाइन–दर</u>**

प्रदेश के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और बलरामपुर–रामानुजगंज जिलों में आज से नई गाइडलाइन दरें लागू कर दी गई है। जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त संशोधित प्रस्ताव पर महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। नई गाइड लाइन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों तथा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

**<u>बिलासपुर रिंग रोड–मंजूरी</u>**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिलासपुर जिले में बत्तीस किलोमीटर लंबी 'बिलासपुर रिंग रोड' परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इस रिंग रोड का निर्माण

बोदरी से सेंदरी गांव के बीच किया जाएगा। यह मार्ग उच्च न्यायालय और बिलासपुर हवाई अड्डे को कोरबा, कटघोरा और सीपत जैसे प्रमुख औद्योगिक नगरों से जोड़ेगा।

## दुर्घटना

बिलासपुर जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर सकरी थाना क्षेत्र के संबलपुरी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ने चारपहिया एक वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सकरी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **होली पर्व पर प्रदेश में हर्बल गुलाल और रंगों के बढ़ते प्रचलन और उससे जुड़े रोजगार** पर केन्द्रित रहेगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल अट्ठाईस फरवरी को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर

द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित फिल्म 'शतक' को छत्तीसगढ़ में टैक्स–फ्री करने की घोषणा की है।

– राज्य शासन ने बीजापुर, बलौदाबाजार–भाटापारा और रायपुर जिले में पांच सड़कों के निर्माण के लिए लगभग एक सौ नौ करोड़ रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। इस राशि से तीनों जिलों में पुल–पुलियों सहित करीब चौहत्तर किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा।

– व्यापमं द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षा, शिक्षक और व्याख्याता पद पर भर्ती के लिए इस वर्ष अक्टूबर और नवंबर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में पेण्ड्रारोड से गेवरा रोड के बीच बन रही नई रेललाइन परियोजना से जुड़ी एक कंपनी के यार्ड में आज आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने इस आग पर काबू पाया। गौरेला पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मामले की जांच कर रहे हैं।

– महासमुंद जिले के सरायपाली में साढ़े सत्रह लाख रूपये से अधिक कीमत का पैंतीस किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

और

– गरियाबंद के बोरिद गांव के पास एक राईस मिल में आज आग लगने से वहां रखा धान जलकर खाक हो गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>